उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण की 46वीं बैठक
दिनॉक 21.04.2011 की कार्यवाही

उपस्थिति

1	श्री प्रशान्त त्रिवेदी आई0 ए0 एस0	आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ/अध्यक्ष, उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण	अध्यक्ष
2	श्रीमती अनीता सी मेश्राम आई0 ए0 एस0	जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव	उपाध्यक्ष
3	श्री पंकज गुप्ता	अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, उन्नाव	सदस्य
4	श्री आर0 पी0 सिंह	अधिशासी अभियन्ता, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन, उन्नाव।	सदस्य
5	श्री जी0 डी0 सूत्रकार	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, उन्नाव	सदस्य
6	श्री शेर सिंह	सहायक नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ	सदस्य

बैठक हेतु कोरम पूर्ण है। अतः अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / सचिव, श्री पी0 एस0 शुक्ल द्वारा बोर्ड के सभी माननीय सदस्यों के स्वागत के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

बैठक में विचार हेतु प्रस्तुत एजेण्डा के विभिन्न मदों पर कार्यवाही निम्नानुसार रही :-

मद संख्या 46.01 विगत 45वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 06.04.2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि

सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव पर सभी सदस्यों की सहमति से विगत बोर्ड बैठक दिनॉक 06.04.2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

मद संख्या 46.02 विगत 45वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 06.04.2010 की कार्यवाही की अनुपालन आख्या

प्राधिकरण की विगत 45वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 06.04.2010 के निर्णयों/निर्देशों के क्रम में प्रस्तुत अनुपालन आख्या के अवलोकनोपरान्त

निम्नॉकित निर्देश दिये गये ।

37.02 (ग) **उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित शुक्लागंज मगरवारा इत्यादि क्षेत्रों को कानपुर विकास प्राधिकरण में सम्मिलित करने से उत्पन्न हुई विसंगतियों के सम्बन्ध में।**

बोर्ड द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। विचारोपरान्त मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रस्ताव शासन के अनुमोदन हेतु भेजा गया है।

(च) **उन्नाव महायोजना 2021**

उन्नाव महायोजना 2021 के सम्बन्ध में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ के प्रतिनिधि द्वारा यह अवगत कराया गया कि महायोजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने वाले ग्रामो का प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन हेतु शासन को भेजा गया है। शासन का अनुमोदन प्राप्त होते ही महायोजना 2021 के प्रारूप का अन्तिम रूप दिया जा सकेगा।

मद संख्या 46.03 वित्तीय वर्ष 2011–12 के बजट का अनुमोदन

बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–12 हेतु प्रस्तुत बजट पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। विचारोपरान्त वर्ष 2011–12 हेतु प्रस्तुत बजट का यथावत् अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 46.04 निराला नगर आवासीय योजना, द्वितीय चरण में भूखण्डों की दरों में बढोत्तरी किये जाने के संबंध में।

बोर्ड द्वारा विचार विमर्श किया गया और विचारोपरान्त निराला नगर आवासीय योजना द्वितीय चरण में सृजित भूखण्डो में उच्च आय वर्ग 'ए' टाइप (H.I.G Type A), उच्च आय वर्ग 'बी' टाइप (H.I.G Type B), मध्यम आय वर्ग (M.I.G) , एल0 आई0 जी0 (L.I.G), मिनी एल0 आई0 जी0 (Mini LI.G) के भूखण्डों हेतु 4500/– प्रतिवर्ग मीटर एवं दुर्बल

आय वर्ग (E.W.S) के भूखण्डो हेतु 4000/- प्रतिवर्ग मीटर रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 46.05 उ0 प्र0 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5 के शासनादेश सं0 2120/आठ-5-09-199ई0/98 दिनांक 18.07.2009 द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ प्राधिकरण कर्मचारियों/अधिकारियों को अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

बोर्ड द्वारा विचार विमर्श किया गया और विचारोपरान्त उ0प्र0 आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5, के आदेश सं0 2120/आठ-5-09-199 ई0/98 दिनांक 18.07.2009 के द्वारा विकास प्राधिकरण के केन्द्रीयित/ अकेन्द्रीयित सेवाओं के कर्मियों को 1 जनवरी, 1996 से पुनरीक्षित वेतनमानों में समयमान वेतनमान को विभिन्न प्रतिबन्धों के साथ ऐरियर का वास्तविक भुगतान दिनॉक 01.01.2006 से किये जाने की स्वीकृत प्रदान की गयी।

मद संख्या 46.06 **उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, मोती नगर स्थिति प्राधिकरण कार्यालय की लिफ्ट के संचालन हेतु लिफ्ट मैन रखे जाने के संबंध में।**

बोर्ड द्वारा विचार विमर्श किया गया और विचारोपरान्त उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, मोती नगर स्थिति प्राधिकरण कार्यालय की लिफ्ट हेतु ए0 एम0 सी0 के माध्यम से कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

मद संख्या 46.07 अन्य विषय – अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

अन्त में सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त की गयी।

25/6/2011		
(पी0 एस0 शुक्ल)	(अनीता श्री मेश्राम)	(प्रशान्त त्रिवेदी)
अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) /सचिव	जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष	आयुक्त, लखनऊ मण्डल/अध्यक्ष
उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव	उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव	उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव